जहाँ माँ का सम्मान नहीं वहाँ देवता का वास नहीं

कैलाश बी. संखलेचा

आज मातृ दिवस है, एक ऐसा दिन जिस दिन हमें संसार की समस्त माताओं का सम्मान और सलाम करना चाहिये। वैसे माँ किसी के सम्मान की मोहताज नहीं होती, माँ शब्द ही सम्मान के बराबर होता है, मातृ दिवस मनाने का उद्देश्य पुत्र के उत्थान में उनकी महान भूमिका को सलाम करना है। श्रीमद भागवत गीता में कहा गया है कि माँ की सेवा से मिला आशीर्वाद सात जन्म के पापों को नष्ट करता है। यही माँ शब्द की महिमा है। असल में कहा जाए तो माँ ही बच्चे की पहली गुरु होती है एक माँ आधे संस्कार तो बच्चे को अपने गर्भ मैं ही दे देती है यही माँ शब्द की शक्ति को दशार्ता है, वह माँ ही होती है पीडा सहकर अपने शिशु को जन्म देती है। और जन्म देने के बाद भी माँ के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान होती है इसलिए माँ को सनातन धर्म में भगवान से भी ऊँचा दर्जा दिया गया है।

माँ शब्द एक ऐसा शब्द है जिसमे समस्त संसार का बोध होता है। जिसके उच्चारण मात्र से ही हर दुख दर्द का अंत हो जाता है। 'माँ' की ममता और उसके आँचल की महिमा को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। गीता में कहा गया है कि 'जननी जन्मभूमिश्य स्वर्गदपि गरीयसी'। अर्थात, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। कहा जाए तो जननी और जन्मभूमि के बिना स्वर्ग भी बेकार है क्योंकि माँ कि ममता कि छाया ही स्वर्ग का एहसास कराती है। जिस घर में माँ का सम्मान हनीं किया जाता है वो घर नरक से भी बदतर होता है, भगवान श्रीराम माँ शब्द को स्वर्ग से बढकर मानते थे क्योंकि संसार में माँ नहीं होगी तो संतान भी नहीं होगी और संसार भी आगे नहीं बढ पाएगा। संसार में माँ के समान कोई सहारा नहीं है। संसार में माँ के समान कोई रक्षक नहीं है और माँ के समान कोई प्रिय चीज नहीं है। एक माँ अपने पुत्र के लिए छाया; सहारा, रक्षक का काम करती है। माँ के रहते कोई भी बुरी शक्ति उसके जीवित रहते उसकी संतान को छू नहीं सकती। इसलिए एक माँ ही अपनी संतान की सबसे बडी रक्षक है। दुनिया में अगर कहीं स्वर्ग मिलता है तो वो माँ के चरणों में मिलता है। जिस घर में माँ का अनादर किया जाता है, वहाँ कभी देवता वास नहीं करते। एक माँ ही होती है जो बच्चे कि हर गलती को माफ कर गले से लगा लेती है। यदि नारी नहीं होती तो सृष्टि की रचना नहीं हो सकती थी। स्वंय ब्रह्मा, विष्णु और महेश तक सृष्टि की रचना करने में असमर्थ बैठे थे। जब ब्रह्मा जी ने नारी की रचना की तभी से सृष्टि की शुरुआत हुई। बच्चे की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी चुनौती का डटकर सामना करना और बड़े होने पर भी वही मासूमियत और कोमलता भरा व्यवहार ये सब ही तो हर 'माँ' की मूल पहचान है।

दुनिया की हर नारी में मातृत्व वास करता है। बेशक उसने संतान को जन्म दिया हो या न दिया हो। नारी इस संसार और प्रकृति की 'जननी' है। नारी के बिना तो संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस सृष्टि के हर जीव और जन्तु की मूल पहचान माँ होती है। अगर माँ न हो तो संतान भी नहीं होगी और न ही सृष्टि आगे बढ पाएगी। इस संसार में जितने भी पुत्रों की मां हैं, वह अत्यंत सरल रूप में हैं। कहने का मतलब कि मां एकदम से सहज रूप में होती हैं। वे अपनी संतानों पर शीघ्रता से प्रसन्न हो जाती हैं। वह अपनी समस्त खुशियां अपनी संतान के लिए त्याग देती हैं, क्योंकि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, पुत्री कुपुत्री हो सकती है, लेकिन माता कुमाता नहीं हो सकती। एक संतान माँ को घर से निकाल सकती है लेकिन माँ हमेशा अपनी संतान को आश्रय देती है। एक माँ ही है जो अपनी संतान का पेट भरने के लिए खुद भूखी सो जाती है और उसका हर दुख दर्द खुद सहन करती है।

लेकिन आज के समय में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो अपने माता-पिता को बोझ समझते हैं। और उन्हें वृध्दाआश्रम में रहने को मजबूर करते हैं। ऐसे लोगों को आज के दिन अपनी गलतियों का पश्चाताप कर अपने माता-पिताओं को जो वृद्ध आश्रम में रह रहे हैं उनको घर लाने के लिए अपना कदम बढाना चाहिए। क्योंकि माता-पिता से बढकर दुनिया में

श्री वड़ोदरा नगरे

चातुर्मास मंगल प्रवेश पर हार्दिक आमन्त्रण

आज्ञा प्रदाता

प.पू.खरतरगच्छाधिपति आचार्य
श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

कृपा दृष्टि

प.पू.चम्पाकली, गणिनीपद
विभुषिता प.पू.गुरुवर्या
श्री सूर्यप्रभा श्रीजी म.सा.

दिव्याशीष
प. पू. महत्तरापद विभूषिता
श्री चम्पाश्रीजी म.सा.
प. पू. समता साधिका
श्री जितेन्द्र श्रीजी म.सा.

प. पू. खरतरगच्छाधिपति मरुधर मणि आचार्य भगवंत
श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी
प. पू. महत्तरा पद विभूषिता चंपाश्रीजी म.सा. की विदुषी शिष्या
प. पू. गच्छगणिनी पद विभूषिता मारवाड़ ज्योति श्री सूर्यप्रभाश्रीजी म.सा.
प. पू. स्नेह सुरभि श्री पूर्णप्रभाश्रीजी (भागु) म.सा. की चरणाश्रिता
शासन प्रभाविका प. पू. साध्वी श्री मधुरिमाश्रीजी म.सा.आदि ठाणा

वर्षावास निश्रा

प.पू.साध्वी
श्री मधुरिमाश्रीजी म.सा.

चातुर्मास भव्य प्रवेश

29 जून 2017, गुरुवार

प्रवेश के शुभ अवसर पर समस्त श्रीसंघ पधार
कर जिनशासन की शोभा बढ़ावें।

निमंत्रक

लक्ष्मीबेन फोजमल झाबक
खरतरगच्छ जैन उपाश्रय, 9-B, दूधेश्वर सोसायटी,
झाबक भवन के पीछे, आजवा रोड़, वड़ोदर-390019 (गुज.)

सम्पर्क सूत्र :

नरेश पारख (प्रमुख) 9825335117, अल्पेश झाबक 9825318303
दिनेश वर्मा (मैनेजर) 9898228714, मुमुक्षु नम्बर 8469399891

कोई नहीं होता। माता के बारे में कहा जाए तो जिस घर में माँ नहीं होती या माँ का सम्मान नहीं किया जाता वहाँ दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती का वास नहीं होता। हम नदियों और अपनी भाषा को माता का दर्जा दे सकते हैं तो अपनी माँ से वो हक क्यों छीन रहे हैं। और उन्हें वृद्धाआश्रम भेजने को मजबूर कर रहे है। यह सोचने वाली बात है। माता के सम्मान का एक दिन नहीं होता। माता का सम्मान हमें 365 दिन करना चाहिए। लेकिन क्यों न हम इस मातृ दिवस से अपनी गलतियों का पश्चाताप कर उनसे माफी मांगें। और माता की आज्ञा का पालन करने और अपने दुराचरण से माता को कष्ट न देने का संकल्प लेकर मातृ दिवस को सार्थक बनाएं।



जयपुर खरतरगच्छ संघ के चुनाव

श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ, जयपुर के चुनाव 28 मई 2017 को संपन्न हुए, जिसमें श्री प्रकाशचंद जी लोढ़ा अध्यक्ष के रुप में चुने गया। श्रीमती निर्मलादेवी पुगलिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री कमलचंदजी सुराना उपाध्यक्ष, श्रीज्योति कोठारी संघमंत्री एवं श्री बिरदमलजी दासोत कोषाध्यक्ष चुने गये।

पू. मोहनलालजी म. का समुदाय

पू. पंन्यास श्री विनय कुशल मुनि गणी ठाणा 8
गजभंवर धर्मशाला, तलेटी के पास
पो. पालीताना- 364270 (गुज.)
01

पू. साध्वी श्री कुशल श्रीजी म.
श्री केसरियानाथ धर्मशाला
पो. जोधपुर-342001 (राज.)
02

पू. साध्वी श्री विरतियशा श्रीजी म. ठाणा 2
गजभंवर धर्मशाला, तलेटी के पास
पो. पालीताना- 364270 (गुज.)
03

॥ श्री मुनिसुव्रतस्वामि ने नमः ॥
॥ दादा श्री जिनदत्त, मणिधारी जिनचन्द्र, जिनकुशल, जिनचन्द्रसूरि सद्गुरुभ्यो नमः ॥
॥ श्री प. पू. गणनायक श्री सुखसागर सद्गुरुभ्यो नमः ॥
मंदिरों के शिखरों पर ध्वजाओं से सुशोभित
संस्कारों की शंखनाद - धर्ममय नगरी सूरत की पावनधरा पर
भव्यातिभव्य चातुर्मास प्रवेश प्रसंगे
सकल श्री संघ को
स्नेहभरा आमंत्रण...
संवत २०७४ अषाढ़ सुद १२ दिनांक 05/07/2017 बुधवार
प. पू. खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरिश्वरजी म.सा. की आज्ञा से
पूजनीय बहिन म. डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा. की सुशिष्या
का चातुर्मास हमारे संघ को मिला हैं ।
पावन निश्रा
प. पू. साध्वी श्री शासनप्रभा श्रीजी म.सा.
प. पू. साध्वी श्री नीतिप्रज्ञा श्रीजी म.सा.
प. पू. साध्वी श्री आज्ञांजना श्रीजी म.सा.
बाड़मेर जैन श्री संघ, सूरत.
अध्यक्ष : चंपालाल बोथरा
उपाध्यक्ष : सुरेन्द्रकुमार सेठीया, दिनेशकुमार संकलेचा
सचिव : सुरेशकुमार मालू
सहसचिव : गौतमचंद छाजेड़
कोषाध्यक्ष : अशोककुमार छाजेड़
सहकोषाध्यक्ष : दिलीपकुमार बोहरा
संगठन मंत्री : पवनकुमार बोथरा
प्रचार प्रसार मंत्री : ओमप्रकाश संकलेचा
ट्रस्टी : हनुमान मालू, मांगीलाल लूणिया, चंपकुमार धारीवाल, चंपकुमार छाजेड़, ओमप्रकाश नाहटा, पवनकुमार डोसी, अनिलकुमार भंसाली, पवनकुमार पारख
बाड़मेर जैन श्री संघ, सूरत.
चातुर्मास कमिटी 2017
संयोजक : पारसमल बोथरा, बाबूलाल संकलेचा, बाबूलाल मालू, अमृतलाल पारख, गौतमचंद बोहरा (हालावाला)
अध्यक्ष : अशोककुमार बोथरा (ठाकर)
उपाध्यक्ष : सम्पतराज संखलेचा, गौतमचंद बोथरा, कैलाश कुमार मालू
सचिव : अशोककुमार छाजेड़
सहसचिव : नरेशकुमार छाजेड़ (हालावाला)
कोषाध्यक्ष : प्रकाशचंद तातेड़, पूरचंद बोथरा
प्रचार प्रसार मंत्री : गौतमचंद पारख, राजेन्द्रकुमार भंसाली, महेशकुमार लूणीया
अध्यक्ष
चम्पालाल बोथरा 94261-57835
अध्यक्ष
अशोक बोथरा 93757-21000
विनित :- बाड़मेर जैन श्री संघ, सूरत.

पूज्य श्री राजकीय अतिथि घोषित

पूज्य गुरुदेव खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. को राजस्थान सरकार ने राज्य अतिथि का दर्जा देकर सम्मानित किया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से स्वायत्त शासन मंत्री श्री श्रीचन्दजी कृपलानी ने निम्बाहेडा में आयोजित धर्मसभा में की।

जिसका उपसिथत विशाल जन समूह ने कर तल ध्वनि से अपने हर्ष को प्रकट किया।

पूज्य आचार्य श्री उज्जैन से विहार कर महिदपुर, नागेश्वर, मन्दसौर होते हुए ता. 8 को नीमच पधारे, जहाँ श्री भीडभंजन पार्श्वनाथ जैन श्वे. मू. पू. श्री संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की भव्य उपस्थिति रही। नाश्ते का लाभ अ.भा. खरतरगच्छ युवा परिषद् नीमच शाखा द्वारा लिया गया। स्वामिवात्सल्य का लाभ श्री गोरधन सिंह जी बाफना परिवार द्वारा लिया गया। पूज्यश्री का प्रभावशाली प्रवचन 1 बजे तक चला। विधायक ओमप्रकाशजी संखलेचा ने स्वागत किया। श्री संघ अध्यक्ष अनिल नागोरी ने स्वागत भाषण दिया। कामली वहोराने का लाभ गोपावत परिवार ने लिया। एक विशिष्ट कलाकार द्वारा थ्री डी में बनाये गये पूज्यश्री के चित्र का अनावरण गोपावत परिवार द्वारा किया गया। नीमच से विहार कर ता. 9 को पूज्य श्री निम्बाहेडा पधारे, जहाँ श्री संघ द्वारा अभिनंदन किया गया।

स्वायत्त शासन मंत्री श्री चन्दजी कृपलानी, सांसद श्री सी.पी. जोशी, पूर्व विधायक श्री अशोकजी नवलखा, नगरपालिका चेयरमेन कन्हैयालाल पंचोली, उपाध्यक्ष श्री पारस पारख आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उदयपुर, नीमच, चित्तौड, भीलवाडा आदि कई संघ उपस्थित थे।

मिन्नी / खजांची / भुगडी गोत्र का इतिहास

0 आचार्य जिनमणिप्रभसूरि

गोत्र का इतिहास

ये तीनों गोत्र एक ही परिवार की शाखाऐं हैं। इस गोत्र की उत्पत्ति चौहान राजपूतों से हुई है। संवत् 1216 में दूसरे दादा गुरुदेव मणिधारी जिनचन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. के करकमलों द्वारा इस गोत्र की स्थापना हुई थी।

इतिहास कहता है कि एक बार मोहनसिंह चौहान उधार वसूली करके काफी धनराशि के साथ अपने शहर की ओर लौट रहे थे। बीच में डाकुओं का सामना हो गया। शस्त्रधारी डाकुओं के सामने सारा धन, सोना चांदी मोहरें आभूषण डाकुओं के हवाले कर दिये। पर बातों ही बातों में डाकुओं को उलझा कर एक रूक्के पर डाकुओं के सरदार के हस्ताक्षर करवा लिये। उस रूक्के में लूंटे गये धन का पूरा विवरण लिखा था, जिसे डाकु समझ नहीं पाये। साथ ही वहीं पर राह चलती एक वृद्ध महिला की साक्षी भी उसमें अंकित कर दी।

कुछ समय बाद संयोगवश डाकू उसी नगर में सेठ मोहनसिंह चौहान से लूंटा हुआ माल बेचने के लिये आये। इसे भी संयोग ही कहना चाहिये कि माल बेचने सेठ मोहनसिंह की दुकान के पगथिये चढने लगे। माल देखते ही मोहनसिंह ने डाकुओं को पहचान लिया।

डाकुओं को बातों में उलझाकर अपने सेवक द्वारा वहाँ के राजा के पास पूरा संदेश भेज कर सैनिकों को बुलवा लिया। सैनिकों ने डाकुओं को गिरफ्तार कर लिया।

राज्य के नियमानुसार डाकुओं पर केस चलाया गया। डाकुओं ने लूट से बिल्कुल इन्कार कर दिया। क्योंकि वे जानते थे कि सच बोलने से जेल जाना होगा।

यहाँ हमें एक ही स्वर में इन्कार करना है। फिर यह न्यायाधीश कैसे सिद्ध कर पायेगा कि लूट हमने की है।

न्यायाधीश ने गवाह के संदर्भ में सवाल किया। मोहनसिंह ने चतुराई से विचार कर कहा– हुजूर उस जंगल में और तो कोई साक्षी नहीं था, एक मिन्नी जरूर थी। मिन्नी मारवाडी में बिल्ली को कहते हैं।

यह सुनते ही डाकु चिल्ला उठे– कहाँ थी मिन्नी! उस समय तो वहाँ डोकरी थी। और तुम डोकरी को मिन्नी कहते हो!

मोहनसिंह चौहान उसकी बात को सुनकर मुस्कुरा उठा। न्यायाधीश ने मोहनसिंह की चतुराई को भांप लिया। वे समझ गये कि लूट की घटना सही है। तभी तो वहाँ यह डोकरी की बात कर रहा है।

न्यायाधीश ने लूट का सारा धन मोहनसिंह को वापस दिलवा दिया। मिन्नी वाली बात इतनी प्रसिद्ध हुई कि वे मिन्नी कहलाने लगे।

इन्हीं मोहनसिंह चौहान ने द्वितीय दादा मणिधारी जिनचन्द्रसूरि से वि. सं. 1216 में जैन धर्म स्वीकार किया। गुरुदेव ने मिन्नी गोत्र की स्थापना की।

परिवार में बोहर गत का व्यवसाय करने लगे। इस कारण इनके वंशज कांधल बोहरा कहलाये। इस परिवार के जांजणजी जैसलमेर की राजकुमारी गंगा के साथ विवाह कर बीकानेर आकर बसे। बीकानेर के महाराजा ने जांजणजी के पुत्र रामसिंह को अपने राज्य के खजाने का काम सौंपा। कई वर्षों तक खजाने का कार्य करने से इनका परिवार खजांची कहलाया। इसी परिवार के एक वंशज सिंध देश में वहाँ के प्रसिद्ध भुगडी बेरों का व्यापार करते थे। इस कारण भुगडी शाखा की प्रसिद्धि हुई।

समाचार दर्शन

पूज्यश्री का उज्जैन नगरी में भव्य प्रवेश

पूज्य गुरुदेव गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मनितप्रभसागर जी म. पू. मुनि श्री समयप्रभसागर जी म. पू. मुनि श्री विरक्तप्रभसागरजी म. पू. मुनि श्री श्रेयांसप्रभसागरजी म. पू. बाल मुनि श्री मलयप्रभसागरजी म. ठाणा 6 दुर्ग नगर में प्रतिष्ठा संपन्न करवाकर विहार करते हुए राजनांद गांव पधारे जहाँ श्री संघ द्वारा सामैया करने के पश्चात् प्रवचन हुआ तथा श्री चौपड़ाजी के पगले किये गये। वहाँ से विहार कर भंडारा होते हुए नागपुर पधारे जहाँ सामैया के बाद प्रवचन का आयोजन किया गया। प्रवचन के बाद स्वामि वात्सल्य रखा गया। वहाँ से विहार कर पूज्य श्री बेतुल, टिमरनी, हरदा, शिवपुर, देवास होते हुए ता. 30 मई को उज्जैन नगर पधारे।

उज्जैन नगर में भव्यातिभव्य प्रवेश का आयोजन संपन्न हुआ। श्री अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री शांतिनाथ मंदिर पहुँची। जहाँ पूज्यश्री का प्रवचन हुआ।

पूज्यश्री ने अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ की महिमा का वर्णन करते हुए जीर्णोद्धार की स्मृतियां सुनाई। उन्होंने कहा- अब हमें प्रतिष्ठा की तैयारियां करनी है। सकल श्री संघ को हिल मिल कर तैयारियां करनी है। इस अवसर पर पू. मुनि श्री मनित प्रभसागरजी म. ने भी प्रवचन दिया। महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत व पुखराजजी चौपड़ा ने पूज्य श्री के कृतित्व का विस्तार से वर्णन किया। संचालन मनोज कोचर ने किया। स्वामिवात्सल्य का आयोजन जिनेश्वर युवा परिषद् द्वारा किया गया। यह ज्ञातव्य है कि श्री अवंती तीर्थ का जीर्णोद्धार पूज्य आचार्य श्री की निश्रा में उनकी प्रेरणा से चल रहा है।

पूज्य श्री के उज्जैन प्रवेश पर इन्दौर, महिदपुर, अहमदाबाद, रायपुर, दुर्ग, देवास, सूरत, देपालपुर, रतलाम, प्रतापगढ़, आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु लोग पधारे थे।

महाराष्ट्र के खापर में जिनमंदिर प्रतिष्ठा स्वर्ण जयंती महोत्सव में बना एक नया इहितास

महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के खापर नगर में स्थित श्री नेमीनाथ जिनालय के प्रतिष्ठा की 50 वी वर्षगांठ दि. 15.16 और 17 मई 2017 को 'त्रिदिवसीय स्वर्ण जयन्ति महोत्सव' के भव्य आयोजन के साथ धूम-धाम से मनाई गई।

जिनमंदिर की 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में विशेष आयोजन में निश्रा प्रदान करने हेतु श्री संघ ने पू. गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. एवं पू. महत्तरापद अलंकृता श्री दिव्यप्रभाश्रीजी म.सा. के श्री चरणों में श्री संघ की विनंती को स्वीकार करते हुए पू. आचार्य श्री के आज्ञा से पूज्य गुरुवर्या श्री ने अपनी शिष्या पू. साध्वी श्री विरागज्योति श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 को इस मंगल महोत्सव में निश्रा प्रदान करने की स्वीकृति दी।

महोत्सव की आज्ञा मिलते ही श्री संघ की महोत्सव आयोजन समिति पू. साध्वी श्री विश्वज्योति श्रीजी म.सा. के संपर्क में रही तथा समय-समय पर महोत्सव के आयोजन का मार्गदर्शन उन्हीं से मिलता रहा।

तीन दिन के महोत्सव का आयोजन किया गया। पूज्याश्री ने अपने प्रवचनों में संघ के वरिष्ट, युवा महिलाओ और बालिकाओं को संघ के प्रति, मंदिर दादावाड़ी, के प्रति परमात्मा गुरुदेव के प्रति, हमारा आचरण कैसा रहना चाहिये इस बात पर विशेष जोर दिया और काफी सारे बदलांव की जरूरत दर्ज की।

स्वर्ण जयंती ध्वजारोहण का ऐतिहासिक चढ़ावे के साथ श्रीमती मोहनीदेवी आसकरणजी पारख परिवार लाभार्थी बना।

प्रवचन के दौरान धर्मशाला निर्माण के लिए चढ़ावे भी बोले गये जिसमें प्रथम चढावा जैन धर्म मे विशेष रूचि रखने वाला एवं पू. आचार्य श्री तथा पू. गुरुवर्याश्री के प्रति विशेष श्रद्धा रखने वाला अजैन परिवार श्रीमती पूनीदेवी सूरजमलजी जाट परिवार का नाम गुरुवर्याश्री ने जाहिर किया। पश्चात बोले गए चढ़ावो से खान्देश में इतिहास रच दिया गया। पू. गुरुवर्याश्री के निश्रा एवं सानिध्य की अभुतपूर्व अनुमोदना हुई। धर्मशाला के मुख्य प्रवेश द्वार के लाभार्थी श्रीमती बसंतीदेवी चैनसुखजी बोथरा परिवार, प्रथम हॉल के लाभार्थी श्रीमती रूपादेवी गुलाबचंदजी चोरडिया परिवार, द्वितीय हॉल के लाभार्थी श्रीमती गोगाबाई आईदानजी कोचर परिवार बने। प्रत्येक ध्वजा पर स्वामीवात्सल्य का आयोजन करने का निर्णय श्री गुरुवर्याश्री ने जाहिर किया। पू. गुरुवर्याश्री के वाणी से ऐसा भाव-भरा और अदभुत माहौल बना जो देखते ही बनता था। हर आँख खुशी से नम थी। प्रति दिन भक्ति संध्या में भी खूब आनंद आया। जिसमे बाल कलाकार नमन डागा (मलकापूर निवासी) तथा आकाश शाह (नवसारी निवासी) ने जोरदार रंग जमाया। महापूजन में विधिकार की जिम्मेदारी श्री नैषदभाई शाह (सूरत) ने अपनी टीम के साथ बेखूबी निभाई दि. 17/05/2017 के गुरुवर्याश्री के प्रवचन के दौरान सौ. गौरी विनय बोथरा ने अपने आंतरिक भाव व्यक्ति किये।

गुरुवर्या श्री के सानिध्य में ज्ञान-वाटिका की स्थापना हुई। इस प्रकार खापर नगर में एक अनूठे इतिहास की रचना हुई।

प्रेषक

ललितकुमार जगदीश जाट, खापर जि. नंदुरबार (महा.)

अहमदाबाद में पंन्यास पद समारोह सम्पन्न

प.पू. मोहनलालजी म. के समुदाय के पूज्य मुनिराज श्री जयानंदजी म. के शिष्य पूज्य मुनि श्री कुशल मुनिजी म. को अहमदाबाद खरतरगच्छ संघ के तत्त्वावधान में वैशाख सुदि 6 ता. 1 मई 2017 को गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री विजय जयघोष सूरिजी म. आदि विशाल साधु साध्वियों की पावन निश्रा में पंन्यास पद अर्पण किया गया।

पूज्य मुनिश्री कुशल मुनिजी म. ने 18 महिनों तक निरन्तर तपस्या करके उत्तराध्ययन से लेकर भगवती सूत्र तक के योगोद्वहन किये। इतने कम समय में योगोद्वहन का यह अपने आप में कीर्तिमान बना।

पद अर्पण के पश्चात् पंन्यास श्री विनय कुशल मुनि गणि नाम अर्पण किया गया।

समारोह में पूरे भारत के लोग उपस्थित रहे।

अहमदाबाद में शिविर संपन्न

नवरंगपुरा दादासा नां पगला अहमदाबाद के तत्वावधान में अष्ट दिवसीय आवासीय जीवन जीने की कला कन्या संस्कार शिविर बहुत ही शानदान सम्पन्न हुआ। यह शिविर 14/5/2017 रविवार से 21/5/2017 रविवार तक रखा गया था। पिछले 6 सालों से प.पू. गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तीनि प.पू. गच्छगणिनी सुलोचनाश्री जी म.सा. प.पू. सुलक्षणा श्री जी म.सा. की सुशिष्या डॉ. प्रियश्रद्धांजना श्री जी म.सा. प्रेरणा एवं निश्रा में अखिल भारतीय सदा कुशल सेवा समिति द्वारा आयोजित हो रहा है इस बार करीब 250 कन्याओं का शिविर रहा।

जिसमें प्रथम स्थान बाड़मेर निवसी कुमारी खुशबू सिंघवी, द्वितीय स्थान रक्षा मालू गुडामालानी और तृतीय, स्थान बालोतरा निवासी मोनिका सिंघवी ने प्राप्त किया।

भक्तामर क्लास तथा प्रतिक्रमण क्रियादि साध्वी प्रियमेघांजनाश्री प्रियवीरांजनाश्री जी करवाते थे

प्रवचन- प्रियस्नेहांजनाश्री एवं प्रियस्वर्णांजनाश्री जी ने दिया।

कैसा हो फ्रेन्ड सर्कल, कैसे पाऊँ जो मैं चाहूँ, बहना पवित्र रहना, सक्सस, के सीकृेट फेमस बनने के पोइन्ट आदि क्लासस डॉ. प्रियश्रद्धांजना श्री जी म.सा. ने ली थी।

इसके अलावा स्पीकर तथा अदर एक्टी वीटिस के लिए अमिता बेन अहमदाबाद, कल्पेश मुम्बई हेमांग अहमदाबाद, महावीरजी गुलेच्छा अहमदाबाद, मधुबेन भिंवडी तथा लविशा बागरेचा गदग आदि पधारे।

कुशल वाटिका में शनिवार को उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बाडमेर से 6 किलोमीटर दूर अहमदाबाद रोड पर स्थित कुशल वाटिका में विश्व का द्वितीय राजहंस मन्दिर में शनिवार को श्रद्वा का सैलाब उमड पडा। कुशल वाटिका ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बाबूलाल टी. बोथरा ने बताया कि बाडमेर शहर के समीप कुशल वाटिका प्रांगण में हर शनिवार को मेले का आयोजन होता है,जिसमें बाडमेर सहित आस–पास के अन्य गावो से जैन बन्धु पहुचते है। कुशल वाटिका में आने वाले भक्त को मुनिसुव्रत स्वामी भगवान मन्दिर, दादावाडी, नवग्रह मन्दिर, गुरू मन्दिर, देवी–देवताओ के आदि मन्दिरो के दर्शन, पूजा आदि का लाभ मिलता है। बोथरा ने बताया कि शनिवार को कुशल वाटिका में प्रातः 6 बजे से भक्तो का दर्शन व पूजा के लिए आना–जाना शुरू हो जाता है जो पुरे दिन मेले सा नजर आता है ओर हर शनिवार को हजारो भक्त दर्शन कर खुशहाली की कामना करतें है।

कोट्टूर में अधिवेशन सम्पन्न

ता. 30/5/17 मंगलवार को केयूप कोटूर शाखा द्वारा आयोजित कर्नाटक प्रांतीय अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् की शाखाओं का अधिवेशन बड़े हर्ष उल्लास से सम्पन्न हुआ। मीटिंग में कई विषयों पर चर्चा करके निम्न प्रस्ताव पारित किये गये

1. कर्नाटक की जो शाखा सक्रिय नहीं है, वहां पर जाकर शाखा के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर सक्रियता बनाना
2. कर्नाटक मे कई शहर ऐसे है जहां अपने काफी घर होते हुए भी शाखा नहीं बन पाई, ऐसे शहर/गाँव का चयन करके शाखा के लिए प्रेरित करके शाखा का गठन केन्द्रीय बोर्ड की सहमति से करवाना
3. गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभसूरीश्वर जी म.सा. की निश्रा में बीकानेर में आयोजित स्वाध्याय शिविर मे जाने के लिए सभी शाखाओं के सदस्यों को प्रेरित करना
4. गच्छाधिपति एवं के यूप राष्ट्रीय कमिटी से विचार के यूप के उद्देश्य और हर शाखा में क्या गतिविधियां होनी चाहिए उसको दर्शाता हुआ एक (Booklit) पुस्तक प्रकाशित कर हर शाखा के सदस्य तक पहुँचाना
5. हर शाखा को सक्रिय बनाने के लिए एवं विहार–वैयावच्च व्यवस्था सुद्ध बनाने के लिए एक फंड की जरूरत होती है उसके लिए सेंट्रल कमिटी से फंड के विषय में चर्चा करना
6. कर्नाटक मे नई शाखाओं का गठन, गच्छ को मजबूती प्रदान करने के लिए एवम् सक्रीय बनाने के लिए एक कमिटी बनाई गई, इस कमिटी में कर्नाटक की हर शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव सदस्य रहेंगे। इस कमिटी को हर महीने एक रविवार को चुनकर कोई शहर/गाँव जाकर सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रेरित करना
7. प्रांतीय अधिवेशन मे हर शाखाओं से कम से कम 2 प्रतिनिधि प्रतिनिधित्व करना अनिवार्य रहेगा

निवेदक: श्री प्रकाश चोपड़ा कोटूर

गिरनार तीर्थ में समझौता

सुप्रसिद्ध जैन श्वे. गिरनार तीर्थ में जैन समाज व सनातन समाज के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में समझौता हो गया है। पिछले काफी समय से जैन यात्रियों व साधु-संतों के साथ पांचवी टुंक जो वरदत्त-गणधर की है, को लेकर दुर्व्यहवार होता था।

समझौते के अनुसार जैन संत व श्रावक पांचवी टुंक के दर्शन कर सकेंगे।

यह ज्ञातव्य है कि टूंक में विराजमान वरदत्त गणधर की चरणपादुका को सनातन समाज ने दत्तात्रेय की टूंक बताकर कब्जा कर लिया था व जैनों को दर्शन, पूजा नहीं करने दी जाती थी।

सेठ देवचन्द लक्ष्मीचंद पेढ़ी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उस टूंक में दोनों समाज दर्शन कर सकेंगे। इस सहमति पत्र पर जैन समाज की ओर से पू. आचार्य विजयप्रद्युम्नविमलसूरिजी म. व पू. आचार्य श्री हेमवल्लभसूरिजी म. ने हस्ताक्षर किये हैं।

दो आचार्यों का मिलन

श्रमण संघ के आचार्य ध्यानयोगी डॉ. श्री शिवमुनिजी म. एवं खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म. का मिलन विहार के दौरान हुआ। दोनों आचार्य भगवंतों के बीच ध्यान के संदर्भ में विचार विमर्श हुआ। समाज में बहुत ही प्रसन्नता का वातावरण बना।

श्री चन्द्रास्वामी का स्वर्गवास

जगदाचार्य पद से विभूषित श्री चन्द्रस्वामी का 69 वर्ष की उम्र में ता. 23/5/17 को स्वर्गवास हो गया।

उनका मूल नाम नेमीचंदजी जैन था। वे गांधी गोत्र के थे। बहरोड़ (जि. अलवर) के निवासी थे। बाद में परिवार हैदराबाद में बसा था।

उन्होंने जैन मुनियों के सानिध्य में रहकर साधना का रहस्य प्राप्त किया था। बाद में वे हिमालय की गुफाओं में भी रहे थे।

प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव व चन्द्रशेखर के समय में उनका राजनैतिक वर्चस्व चरम पर था।

पूज्य आचार्य प्रवर श्री जिनमणिप्रभसूरिजी म.सा. के संपर्क में वे भाईजी श्री हरखचंदजी नाहटा के माध्यम से आये थे।

बाद में पूज्यश्री की निश्रा में कई कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति हुई थी।

इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री ने कहा- उन्होंने अपने प्रभाव से हजारों लोगों को शाकाहारी बनाकर अहिंसा का देश विदेश में प्रचार किया था। वे बहुत ही सरलमना थे।

जहाज मंदिर परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजली समर्पित है।

श्री मुम्बई नगरे

भव्यातिभव्य चातुर्मास प्रवेश समारोह

आज्ञाप्रदाता

पू. गच्छाधिपति आचार्य देव
श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

आशीर्वाद
प.पू. प्रवर्त्तिनी श्री शशीप्रभाश्रीजी म.सा.,

चातुर्मास निश्रा

प.पू. प्रवर्त्तिनी श्री सज्जनश्रीजी म.सा.,
प्रवर्त्तिनी श्री शशिप्रभाश्रीजी म.सा. की सुशिष्याऐं

पू. श्री सम्यग्दर्शनाश्रीजी म.सा., पू. श्री कनकप्रभाश्रीजी म.सा.,
पू. श्री सम्यक्प्रभाश्रीजी म.सा., पू. श्री सत्वबोधिश्रीजी म.सा आदिठाणा

चातुर्मास स्थल
कपोल वाड़ी
2 री पांजरा पोल
मुम्बई - 4

प्रवेश शुभ मुहूर्त : आषाढ सुदि 2 रविवार, दिनांक 25 जून 2017, प्रात: 8.30 बजे

सकल श्रीसंघ को पधारने का हार्दिक अनुरोध करते हैं।

आज्ञाप्रदाता

पू. गच्छाधिपति आचार्य देव
श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

श्री साँचोर नगर की धन्यधरा पर
भव्यातिभव्य
चातुर्मास प्रवेश समारोह

आशीर्वाद
प.पू. पार्श्वमणि तीर्थ प्रेरिका गच्छ गणिनी
सुलोचनाश्रीजी म.सा. सुलक्षणाश्रीजी म.सा.

चातुर्मास स्थल
कुशल भवन
सुनारों का वास
पो. सांचोर जि. जालोर

चातुर्मास निश्रा

प.पू. गणिनी सुलोचना श्रीजी म.सा. एवं सुलक्षणाश्रीजी म.सा. सुशिष्याऐं

पू. श्री प्रियसौम्यांजनाश्रीजी म.सा., पू. श्री प्रियज्ञानांजनाश्रीजी म.सा.
पू. श्री प्रियदर्शनांजनाश्रीजी म.सा., पू. श्री प्रिय वर्षांजनाश्रीजी म.सा.

प्रवेश शुभ मुहूर्त : आषाढ सुदि 9 रविवार, दिनांक 2 जुलाई 2017, प्रात: 8.30 बजे

सकल श्रीसंघ को पधारने का हार्दिक अनुरोध करते हैं।

निवेदक
श्री जैन श्वे. खरतरगच्छ संघ साँचोर-मुम्बई

प्रधान कार्यालय : कुशल भवन, सुनारों का बास, साँचोर जि. जालोर (राज.) टेलि : 02979-283154
मुम्बई कार्यालय : श्री शांतिनाथ जिनालय एवं दादावाड़ी, कुशल भवन, विल्सन स्ट्रीट, वी.पी. रोड़, पोलीस चौकी के नजदीक, मुम्बई - 4, टेलि. 022-56109405

पादरु नगर में दादावाड़ी की 29 वी वर्षगांठ व ध्वजारोहण सम्पन्न

पादरू कस्बे मे श्री शितलनाथ भगवान् व दादा जिनकुशलसूरी दादावाड़ी का 29 वॉ ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ।

ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश संखलेचा ने बताया की भगवान श्री शितलनाथ स्वामी के लाभार्थी शाह वंशराजजी जुगराजजी संखलेचा व दादा गुरूदेव जिनकुशलसुरीजी के लाभार्थी शाह सावलचंद पृथ्वीराज जी संखलेचा गदग वाले के घर से गाजते बाजते व ढोल नगाड़े के साथ दादावाड़ीजी मे पधारे और विधि-विधान से भगवान व दादाजी की ध्वजा रोहण फहराने का लाभ प्राप्त हुआ।

इस समारोह मे उपस्थित ट्रस्टी पुखराजश्री श्रीमाल, वगतावरमल बाफना व दिलीप मरड़ीया, पृथ्वीराज संखलेचा गौतम संखलेचा, युवा कार्यकर्त्ता नागराज बाफना, मुलचद बाफना, रमेश जैन, सुमेरमल बालर आदि ने भगवान् व दादागुरु की आरती व मंगलदीप तथा दोपहर मे पुजा में भाग लिया।

अक्षय तृतीया पारणा सम्पन्न

पार्श्वमणि पार्श्वनाथ दादा के तीर्थ में (आदोनी) पार्श्वमणि तीर्थ प्रेरिका गुरुवर्या प.पू. सुलोचना श्रीजी म.सा. तपस्विरत्ना प.पू. सुलक्षणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 13 की निश्रा में अक्षय तृतीया को वर्षीतप के पारणे का कार्यक्रम हुआ। हैद्राबाद, रेणिगुन्टा, रायचूर, बेंगलूर आदि स्थानों से वर्षीतप के तपस्वियों का आना हुआ। प्रात: काल सभी ने परमात्मा आदिनाथ एवं सभी भगवन्त की पूजा सेवा का सुन्दर लाभ लिया। 10.30 बजे वरघोडें का आयोजन रखा गया। जिसमें पार्श्वमणि पार्श्वनाथ प्रभु व दादा जिनदत्तसूरि म. की नूतन आंगी को भी वरघोड़े में घुमाया गया। सभी श्रद्धालु गण आंगी को मस्तक पर लेकर प्रसन्न हो रहे थे।

वरघोड़ा पद्मावती प्रवचन हॉल की तरफ पहुँचा हर्षान्वित तन-मन से तपस्वियों को बधाते हुए जयकारे के साथ सभी श्रद्धालु जनों का प्रवेश हुआ। गुरुवन्दन के पश्चात् मंगलाचरण हुआ। सर्वप्रथम प.पू. प्रियरंजनाश्रीजी म.सा. ने वर्षीतप की तपस्या पर विशेष प्रकाश डालते हुए सुपात्र दान आदि दान आहेभवपूर्वक होना चाहिए ऐसा उद्‌बोधन दिया। प.पू. प्रियकल्पना श्रीजी म.सा. ने तपस्या के अनुमोदनार्थ सुन्दर भजन की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात् तीर्थ के ट्रस्टी श्रीमान् रमणजी ने श्रेयांसकुमार बनकर तपस्वियों को पहले पारणे कराने का चढ़ावा बोला। जिनका लाभ रेणुगुन्टा निवासी श्रीमान प्रकाशजी, सुरेशजी, किशोरजी कटारिया परिवार ने लिया तथा अगले वर्ष जयजिनेन्द्र का लाभ भी इसी परिवार ने लिया। कामली बोहराने का लाभ बेंगलूर निवासी शा. मोहनलालजी उम्मेदमलजी डागलेचा ने लिया। तत्पश्चात गुरुवर्याश्री ने अपनी सरल व स्पष्ट मधुरी वाणी से हृदयस्पर्शी प्रवचन फरवाया। अन्त में कामली वोहरायी गयी। वर्षीतप के तपस्वियों में प्रियरंजना श्रीजी म.सा. की संसारिक परिवार से भाभी, बहन, व भाणजी भी थे। इनमें सबसे छोटी 11 वर्ष की मुमुक्षु खुशी भंडारी थी। सभी ने उसकी खूब अनुमोदना की! एक बजे सभी तपस्वियों का पारणा इक्षुरस से किशोरजी कटारिया ने श्रेयांक्ष कुमार बनकर करवाया।

इस वर्ष का इक्षुरस व स्वामी वत्सल का लाभ रायपुर निवासी अरविनजी अनिलजी बांठिया ने लिया। अंत में आभार व्यक्त किया रमणजी पार्श्वमणि तीर्थ के ट्रस्टी ने किया।

चित्तौड– भीलवाड़ा में पूज्यश्री का प्रवास

पूज्य गुरुदेव गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा 6 बीकानेर की ओर विहार करते हुए ता. 11 जून को चित्तौड़ नगर में पधारे श्री जैन श्वे. मू. पू. श्री संघ की ओर से पूज्य श्री का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर तपागच्छीय मुनि श्री जिनवल्लभविजयजी म. का भी पदार्पण हुआ। तलेटी मंदिर में हरिभ्रद्रसूरि स्मृति मंदिर में पूज्य श्री का प्रवचन हुआ। वहीं श्री संघ का स्वामिवात्सल्य रखा गया। इस अवसर पर बीकानेर, मन्दसौर, भीलवाड़ा, ब्यावर, नीमच, निम्बाहेडा आदि क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। उनका अभिनंदन किया गया।

यह ज्ञातव्य है कि तलेटी मंदिर पूज्य श्री की प्रेरणा से निर्मित हो रहा है। श्री संघ ने प्रतिष्ठा की विनंती की।

वहाँ से विहार कर पूज्यश्री 14 जून को भीलवाड़ा पधारे राज. सरकार की ओर से राज्यमंत्री श्री धन्नारामजी पुरोहित ने पूज्यश्री दर्शन कर स्वागत किया।

श्री ज्ञानचंदजी सुराणा परिवार की ओर से सकल संघ का नाश्ता रखा गया। वहीं से शोभायात्रा प्रारंभ होकर जिन मंदिर व प्रमुख बाजारों से होती हुई दादावाडी पहुँची, जहाँ प्रवचन सभा का आयोजन हुआ। पूज्य आचार्य श्री, पू. मनितप्रभसागरजी म. एवं पू. साध्वी गुणरंजना श्रीजी म. के प्रवचन हुए। स्वामिवात्सल्य का लाभ अ.भा. खरतरगच्छ युवा परिषद की भीलवाड़ा शाखा की ओर से लिया गया। दादावाडी के विस्तार व विकास हेतु पूज्यश्री के सानिध्य में योजना बनाई गई। इस अवसर पर जयपुर, ब्यावर, दिल्ली, नीमच, बिजयनगर, टोंक, बाड़मेर, अहमदाबाद, हैदराबाद, चित्तौड आदि स्थानों से बडी संख्या में गुरु भक्तों का आगमन हुआ।

प्रेषक

मुकेश प्रजापत

नीमच में भव्य समारोह

गुरुवर्या श्री प.पू. हेमप्रभा श्रीजी म.सा. विनितप्रभा श्रीजी म.सा. को सादर श्रद्धांजलि समर्पित

बैंगलोर। बसवनगुडी विमलनाथ मंदिर के आराधना भवन के प्रांगण में गुरूवार को प.पू. सुप्रसिद्ध व्याख्यात्री हेमप्रभा श्री जी म.सा. की सुशिष्यायें प.पू. प्रियंवदा श्रीजी म.सा., प.पू. शुद्धांजना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 6 की निश्रा में प.पू. गुरुवर्या श्री हेमप्रभा श्री जी म.सा., विनितप्रज्ञा श्रीजी म.सा. की 10 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। गुणानुवाद सभा की शुरूआत प.पू. गुरुवर्या श्रीजी के मंगलाचरण के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण संघ के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। प.पू. गुरुवर्या श्रीजी ने गुणानुवाद सभा में फरमाया कि इस धरातल पर अस्तित्व सभी का होता है पर व्यक्तित्व विरलों का ही होता है। अस्तित्व सहज मिलता है, पर व्यक्तित्व निर्मित करना पड़ता है। ऐसी ही प.पू. गुरुवर्या श्री हेमप्रभा श्रीजी म.सा. व्यक्तित्व और कृतित्त्व की धनी थी। प.पू. विनितप्रज्ञा श्रीजी जिनका जीवन गुरु समर्पण एवं ज्ञान की गंगा से समर्पित था। सभा में जब द्वय गुरुवर्या श्रीजी के संस्मरणों का स्मरण किया गया तो सभी भक्तजनों की आंखों से आँसू छलक उठे। चैन्नई से पधारे गुरु भक्त डॉ. ज्ञान जैन ने कहा गुरुवर्या श्रीजी का जीवन दीप की तरह प्रकाशमान था। वह यही कहती थी कि अहम् बनना है तो अहं को त्याग दो। गुरुवर्या श्रीजी के प्रति सभी साध्वी मंडल ने भाव पुष्प समर्पित किए। सभा में उपस्थित संघ अध्यक्ष महेन्द्र जी रांका, वंदना जी चौपड़ा, तेजराजजी मालाणी, ललित जी डाकलिया, राजेशजी बागरेचा, संगीताजी पारख, आरती जी चंडालिया, तनसुखजी गुलेच्छा आदि द्वारा भाव व्यक्त किए गए। खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा दादा गुरुदेव की पूजा पढ़ाई गई और शाम को भक्ति भावना का कार्यक्रम आयोजित किया। संचालन अरविन्द जी कोठारी द्वारा किया गया।

ज्ञान वाटिका शिविर सम्पन्न

खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवन्त श्री मणिप्रभसुरीश्वर जी महाराज की प्रेरणा से प्रारम्भ श्री जिन कुशलसुरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के अन्तर्गत विशेष अध्यापिकाओं द्वारा संचालित ज्ञान वाटिका ने अपने दूसरे सफलतम वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में प. पू. प्रियवंदा श्रीजी, शुद्धांजना श्रीजी आदि ठाणा ने अपनी पावनीय निश्रा प्रदान की इस अवसर पर साध्वी जी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने भले ही मन्दिर में भगवान की प्रतिमा तो विराजमान कर दी, लेकिन हम स्वंय भगवान कैसे बनें यह संस्कार बच्चों में देने जरूरी है। ज्ञान वाटिका के संयोजक अरविन्द कोठारी ने बताया कि यहाँ पर बच्चों को धार्मिक शिक्षण के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान की शिक्षा डिजिटल तकनीक एवं प्रोजेक्टर के माध्यम द्वारा दी जा रही है, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वाटिका में प्रवेश लेने वाले बच्चों में काफी वुद्धि हुई है। इस अवसर पर ट्रस्ट के मन्त्री कुशल राज गुलेच्छा उपाध्यक्ष तनसुखराज गुलेच्छा, लाभचन्द मेहता, रीटा पारख, युवा परिषद् अध्यक्ष ललित डाकलिया उपस्थि थे।

केयुप दुर्ग के अध्यक्ष दुर्ग संघ के महामंत्री बने

अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् दुर्ग शाखा के अध्यक्ष संघवी पदम बरडिया श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ एवं श्री आदिनाथ श्वेताम्बर मूर्ति ट्रस्ट के वर्ष 2017-20 के लिए महामंत्री चुने गए। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. के आचार्य बनने के बाद प्रथम चातुर्मास दुर्ग नगर में पूजनीया माताजी म.श्री रतनमालाश्रीजी म. पू. बहिन म. डॉ. श्री विद्युत्प्रभाश्रीजी म. आदि साधु संतों के साथ संपन्न हुआ। तब सी.ए. श्री पदम बरडिया संघ शास्ता चातुर्मास समिति, दुर्ग के महामंत्री भी थे। आचार्य श्री के दुर्ग चातुर्मास के पश्चात् बरडिया परिवार की ओर से प.पू. आचार्य श्री की पावन निश्रा में छःरी पालित संघ का आयोजन भी किया गया। जहाज मंदिर परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

महिदपुर में केयुप का गठन

पूज्य गुरुदेव गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा उज्जैन से विहार कर ता. 1 जून 2017 को महिदपूर सिटी पधारे। श्री संघ द्वारा पूज्यवरों का भव्य स्वागत किया गया। संघ अध्यक्ष सरदारमलजी चौपड़ा ने सभा का संचालन करते हुए कहा-हमारे गांव में खरतरगच्छ के इतिहास में गच्छाधिपति आचार्य भगवंत प्रथम बार पधारे हैं। यह हमारे श्रीसंघ का सौभाग्य है। दादावाड़ी से शोभायात्रा निकाली गई। पूज्यश्री का प्रवचन हुआ। दोपहर में युवाओं की मीटींग में गच्छ विकार, गच्छ संवर्धन आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। श्री अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् की शाखा का गठन सर्वसम्मिति से किया गया। आशीष चौपड़ा को अध्यक्ष एवं कपिल राखेचा को मंत्री चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष आदि पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

मन्दसौर में केयुप का गठन

मंदसौर प्रवेश पर उपस्थित श्रद्धालु

मालव प्रदेश के ऐतिहासिक नगर मन्दसौर में पूज्य गुरुदेव आचार्य भगवंत गच्छाधिपति श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा 6 का ता. 6 जून 2017 को भव्य प्रवेश संपन्न हुआ। शोभायात्रा प्रारंभ से पहले पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्रजी नाहटा के घर पर उनकी ओर से सरल संघ का नाश्ता रखा गया। पूज्य आचार्य श्री एवं पू. मुनि मनितप्रभ सागरजी म.सा. प्रभावशाली प्रवचन हुआ। स्थानीय विधायक श्री जसपालजी सिसोदिया एवं सकल संघ के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्रजी लोढ़ा, खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष श्री अनिलजी लोढ़ा ने पूज्य श्री का अभिनंदन किया। दोपहर में युवाओं की बैठक में पूज्य श्री ने गच्छ की एकता के संदर्भ में संगठित होने की प्रेरणा दी। अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् के उद्देश्य ज्ञात कर केयुप की मन्दसौर शाखा का गठन किया गया। अंशुल जैन को सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया। नरेश चौरडिया व शिखर धारीवाल को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र लोढ़ा मंत्री, अश्विन बोथरा व दीपक लोढ़ा को सहमंत्री, हर्षित जैन कोषाध्यक्ष, अंकित जैन (चिनु) को सहकोषाध्यक्ष व नितिन सकलेचा को प्रचार मंत्री चुना गया।

बीकानेर में केयुप का गठन

पूजनीया प्रवर्त्तिनी महोदया श्री शशिप्रभा श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में बीकानेर में प्रतिष्ठा, नवाणुं भाव यात्रा आदि का भव्य आयोजन हुआ। उनकी पावन निश्रा में उनकी प्रेरणा से अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् का गठन किया गया। राजीव खजांची को अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। विकास कुमार नाहटा व पुनेश मुसरफ को उपाध्यक्ष, मनीष नाहटा मंत्री, प्रमोद गुगलिया कोषाध्यक्ष, अनिल सुराणा व प्रभात नाहटा सहमंत्री, विपुल कोठारी को संगठन मंत्री चुना गया। युवा परिषद् के अध्यक्ष, मंत्री आदि सदस्यों ने ता. 4 जून को कूंडला गांव में पूज्य आचार्य श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जटाशंकर

आचार्य जिनमणिप्रभसूरि

जटाशंकर चौथी कक्षा का विद्यार्थी था। छोटी उम्र होने पर भी चतुर था। स्कूल में पढ रहा था। अध्यापक कक्षा में गणित का विषय पढ़ा रहे थे।

अध्यापक जोड़ बाकी गुणा भाग पढा रहे थे। बाकी कैसे करना, इसे अध्यापक महोदय मनोविज्ञान से अभ्यास करा रहे थे। बार बार समझाने पर भी जटाशंकर की समझ में कुछ भी नहीं आ रहा था। वह बार बार पूछ रहा था– यह बाकी क्या होती है!

अध्यापक ने कहा– जितने होते हैं, उसमें से जो कम हो जाते हैं, तब जो शेष रहते हैं, वह बाकी का परिणाम है।

जटाशंकर ने कहा– मुझे समझ में नहीं आया।

– चलो उदाहरण से समझो। मानो कि तुम्हारे पास 10 लड्डु हैं।

– मेरे पास तो नहीं है।

– अरे भाई, मुझे भी पता है कि नहीं है। पर मान लो।

जटाशंकर ने बीच में कहा– जब है नहीं तो मानूं कैसे और क्यों!

– अरे, यह गणित का विषय है, इसमें मानना होता है।

– नहीं होने पर भी मानना होता है!

– हाँ, मैंने कहा– मान लो तो मान लो। हाँ तो, माना कि तुम्हारे पास 10 लड्डु हैं। उसमें से दो तुमने खा लिये तो पीछे कितने बचे!

जटाशंकर बोला– 20 बचे।

मास्टर भन्ना गया। उसने कहा– दस में से दो जायेंगे तो शेष बीस कैसे बचे!

जटाशंकर धीरज के साथ बोला– मान लो! बीस बच गये। जब मानना ही है तो कम क्यों मानना! अध्यापक ने अपना सिर पकड लिया।

जीवन का गणित बिल्कुल अलग है। इसमें मानना नहीं होता। इसमें तो होता है। इसमें सब कुछ यथार्थ है। कल्पनाऐं भी यथार्थ है। क्योंकि हर कल्पना भी राग द्वेष से युक्त है तो उसका परिणाम भी कर्म बन्धन के रूप में मिलता ही है। जीवन के इस सत्य को समझे और बदलने का पुरूषार्थ करें।

गुरुवर्या फलोदी आई है आनंद की गुंजी शहनाई है

वीरो–रणवीरों की रंगभूमि मरूस्थली की प्रसिद्ध बहुरत्ना वसुन्धरा

फलोदी नगर में साध्वी श्रेष्ठा

प्रवर्तिनीवर्या प.पू. शशिप्रभाश्रीजी म.सा. का अपनी जन्म भूमि में

कृपा बरसी मेरे प्रभुवर की आई टोली सज्जन गुरुवर की

(आत्माल्हादकारी पावन–प्रवास–प्रवेश)

आत्मानंदकारी अमृत–आज्ञा प.पू. गच्छाधिपति मरूधर मणि श्री मणिप्रभसूरीश्वर जी म.सा

आत्मश्रेयस्करी अमृत कृपा प.पू. प्रवर्तिनी आगम ज्योति सज्जन श्रीजी म.सा.

सकल जिनशासन प्रेमियों को स्नेह सभर हृदयामंत्रणम् !

पधारो म्हारे देश...

आगमन होगा गुणिवर का, आगमन् होगा वीर वचनम् का...

आत्मांदोलनकारी अमृत सन्निधि

स्व. प्रवर्तिनी महोदया आगम ज्योति श्री सज्जनश्रीजी म.सा.

प.पू. प्रव. आशुकवयित्री सज्जन श्रीजी म.सा. की पट्टशिष्या

तप–जप– संयम साम्राज्ञी

प. पू. प्र. संघरत्ना शशिप्रभा श्रीजी म.सा.

आदि ठाणा 8

प्रवर्तिनी श्री शशिप्रभा श्रीजी म.सा.

प्रवेश शुभ मुहूर्त :

26 जून 2017 आषाढ़ सुदी 3, सोमवार

चातुर्मास प्रवेश की मंगल वेला में आप सहृदय पधार कर संघ को लाभान्वित कर आनंद के इस अनुपम अवसर पर हमारे सहस्नेही बन जिनशासन का गौरव बढ़ाएँ

विनीत

श्री जैन खरतरगच्छ संघ फलोदी
श्री जिनदत्तसूरि चातुर्मास कमेटी फलोदी 2017

संपर्क सूत्र

जवरीलाल बच्छावत
अध्यक्ष
94144 17668

यशवर्धन गोलेच्छा
सचिव
94144 17805, 80036 02511

।। श्री अवंति पार्श्वनाथाय नमः ।।

श्री उज्जैन नगरे

भव्य चातुर्मास प्रवेश समारोह

सकल श्री संघ को सादर आमंत्रण

आज्ञाप्रदाता

पू. गच्छाधिपति आचार्य
देव श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी
म.सा.

दिव्य दृष्टि

पू. प्रवर्तिनी आगमज्योति
श्री प्रमोदश्रीजी
म.सा.

चातुर्मासार्थ
पावन निश्रा

पूजनीया माताजी म.
श्री रतनमालाश्रीजी म.सा.

आज्ञाप्रदाता

पूजनीया बहिन म.
डॉ. श्री विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा.

प्रवेश शुभ मुहूर्त :
आषाढ सुदि 9 रविवार, दिनांक 2 जुलाई 2017,
प्रातः 8.00 बजे

चातुर्मासार्थ शुभकांरी पावन निश्रा

पूजनीया माताजी म.
श्री रतनमालाश्रीजी म.सा.
पूजनीया बहिन म.
डॉ. श्री विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा

सकल श्रीसंघ को पधारने का
हार्दिक अनुरोध करते हैं।

निवेदक

श्री अवन्ति पार्श्वनाथ तीर्थ
जैन श्वे. मारवाड़ी मूर्तिपूजक समाज ट्रस्ट

श्री अवंति पार्श्वनाथ चौक,
दानी गेट, पो. उज्जैन-456006 (मध्यप्रदेश)
फोन : (0734) 2555553/2585854

सम्पर्क सूत्र :
अध्यक्ष : हीराचन्द छाजेड़, उपाध्यक्ष : निर्मल कुमार संकलेचा,
सचिव : चन्द्रशेखर डागा, कोषाध्यक्ष : ललित कुमार बाफना
ट्रस्टी : रमेशचन्द बाठिया, विजयचन्द कोठारी, महेन्द्र गादिया,
नरेन्द्र कुमार धाकड, रजत मेहता

RNI : RAJHIN/2004/12270
Postal registration No. RJ/SRO/9625/2015-2017 Date of Posting 7th

।। श्री वर्धमान स्वामिने नमः ।।
।। अनंत लब्धिनिधान गुरु गौतम स्वामिने नमः ।।
।। दादागुरुदेव श्री जिनदत्त-मणिधारी जिनचन्द्र- जिनकुशल-जिनचन्द्रसूरिभ्यो नमः ।।

भारत वर्ष की राजधानी दिल्ली के हृदय चाँदनी चौक की एतिहासिक धरा पर

दिव्याशीष
पु. गुरुदेव श्री जिनकांतिसागर
सूरीश्वरजी म.सा.

प.पू. खरतरगच्छाधिपति आचार्य
श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

वर्तमान गच्छाधिपति, मरुधर मणि, कोमल हृदय के स्वामी,
खरतरगच्छ के सरताज आचार्य भगवंत परम श्रद्धेय
पू. गुरुदेव श्री जिन मणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.
के आज्ञानुवर्ती अत्यंत सरल स्वभावी शीतलमना
मुनिराज प. पू. श्री मुक्तिप्रभसागरजी म.सा. व प्रखर
प्रवचनदाता मुनिराज प.पू. श्री मनीषप्रभसागरजी म.सा.

मुनिराज प.पू.
श्री मुक्तिप्रभसागरजी म.सा.

का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

दिनांक 2 जुलाई 2017, रविवार

आराधना, साधना, उपासना स्वरुप चातुर्मास के मंगल प्रवेश प्रसंग पर आप अपने परिवार व इष्ट मित्रों सहित पधारकर जिनशासन की शोभा में अभिवृद्धि करें।

प्रवचनदाता, मुनिराज प.पू.
श्री मनीषप्रभसागरजी म.सा.

चातुर्मास आराधना स्थल

श्री जैन खरतरगच्छ भवन
1945, कच्चा कटरा,
कटरा खुशाल राय,
किनारी बाजार, दिल्ली-006

निवेदक

श्री जैन खरतरगच्छ समाज (पंजी.)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली

श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट,
जहाज मन्दिर, माण्डवला - 343042, जिला - जालोर (राजस्थान)
फोन : 02973-256107 / 256192 फैक्स : 02973-256040, 09649640451
e-mail : jahaj_mandir@yahoo.co.in
www. jahajmandir.com

श्री जिनकांतिसागर सूरि स्मारक ट्रस्ट, माण्डवला के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. यू. सी. जैन द्वारा महालक्ष्मी कम्प्यूटर सर्विस पुरा मोहल्ला, खिरणी रोड, जालोर से मुद्रित एवं जहाज मन्दिर, मांडवला, जि. जालोर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादक - डॉ. यू. सी. जैन
www.jahajmandir.org
शब्दांकन : धर्मेन्द्र बोहरा, जोधपुर-98290 22408